# खाद्य पदार्थों में की गई मिलावट की जांच, 15 टिन सरसों तेल जब्त

by BNN BHARAT NEWS



ज्योत्सना,
खूंटी: लॉक डाउन के बीच खाद्यानों की कालाबाजारी के मामले, तो कहीं मिलावट की चर्चा आम बन गयी है. इसी क्रम में जिला खाद्य पदाधिकारी प्रकाश चंद गूगी, कार्यपालक दंडाधिकारी उषा मुंडू, थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो ने पिपराटोली स्थित बिकास गुप्ता के दुकान में छापेमारी कर 15 टिन सरसों तेल जब्त किया.
तेल के टिन में न कोई FSSAI दर्ज है न ही कोई कंपनी का लोगो अंकित है. ऐसे में मिलावट की संभावना से इनकार नही किया जा सकता है. जब्त तेल का नमूना जांच के लिए भेजा जाएगा. रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जायेगी.

सरसों तेल के टिन में रायस ब्रांड तेल मिला था. दुकानदार ने 480 टीन सरसों तेल मंगाया था. जिला खाद्य पदाधिकारी ने दुकानदार से भेजे गए सभी तेल को वापस मंगाने का निर्देश भी दिया है.

Source: https://bnnbharat.com/detection-of-adulteration-in-food-items-1/